MPHIN/2009/34626

यशोन्नति



मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है स्वामी विवेकानंद

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 93 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी गुरूवार 14 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार | पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार | पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

विकसित भारत संकल्प यात्रा का आमजनों को हो व्यापक लाभ - आलोक

सिवनी यशोः- केंद्र व राज्य की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संपूर्ण देश के ग्राम ग्राम तक पहुँच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सिवनी जिले की समस्त 635 ग्राम पंचायतो में भी पहुँचेगी । जिले के आठों विकासखंड में एक साथ 16 दिसंबर से 25 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा (मोदी की गारंटी) निकाली जाएगी। यह यात्रा प्रतिदिन दो दो ग्राम पंचायतो में पहुंचेगी। यात्रा में सभी संबंधित शासकीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे जो केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे । इस यात्रा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता शामिल होकर वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने की महती जि मेदारी का निर्वाहन करेंगे । उक्तशय की बात भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे सिवनी जिले के समस्त भाजपा पदाधिकारियों, नगरीय निकायो ग्राम निकायों के भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा के समस्त मंडल अध्यक्षों मंडल प्रभारियों की वर्चुअल बैठक के दौरान कही ।

भाजपा के कार्यकर्त्ता हर पात्र को दिलायें लाभ

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि आगामी 16 दिसंबर को जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुँचेगी जो जिले के हर गांव तक पहुँचेगी इस यात्रा के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को प्रदान करना है सरकार कल्याणकारी योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे इसके लिये भाजपा के समस्त कार्यरत पूरी सजगता का परिचय दें । भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के लिये यात्रा का जिला प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान को बनाया है इसके साथ हर विधानसभा के लिये प्रभारी नियुक्त किये गये है ।

सभी 635 ग्राम पंचायतो में पहुँचेगी यात्राः भाजपा जिलाध्यक्ष ने वचुअल बैठक के माध्यम से कार्यकर्त्ताओं को दी जानकारी *संबंधित अधिकारी हर पात्र व्यक्ति को देंगे योजनाओं का लाभ

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि यात्रा जिले के आठेविकासखंड में एक साथ चलेगी और यह यात्रा प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी । इस यात्रा में सुविधा अनुसार हमारे सांसद एवं विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य गण, जनपद पंचायतो के अध्यक्ष, सदस्यों की उपस्थिती सुनिश्चित कराने की जि मेदार कार्यकर्त्ता चिंता करें। यात्रा में अपने कार्य क्षेत्र के पदाधिकारी आवश्यक रूप से शामिल रहे ।

पात्रों को चिन्हित कर दस्तावेज रखे तैयार

विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी जयदीप सिंह चौहान ने बताया कि यह यात्रा जिले के सभी आठों विकासखंड में एक साथ चलेगी । हर विकासखंड में योजनाओं की जानकारी के लिये एलईडी वाहन साथ चलेगा और यात्रा में उपस्थित अधिकारियों द्वारा योजनाओं से वंचितों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जायेगा । श्री चौहान ने कहा है कि जिले में अनेक पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान स मान निधि, उज्जवला गैस योजना, लाड़ली बहना योजना, कृषि ऋण आदि से वंचित है उन सभी को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये अभी चिन्हित करें और उसके लिये आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता रखें ताकि योजना का लाभ दिलाने में कोई परेशानी न हो ।

जागरूकता के कार्यक्रम दिखाएं जायेंगे

यात्रा के जिला प्रभारी श्री चौहान ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिन हितग्राहियो को मिला है, वे भी अपने अनुभव को साझा करेंगे। इस यात्रा का रथ (वैन) ग्राम पंचायत में पहुंचेगा, जिसमें लगी एलईडी स्क्रीन व साउंड के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यात्रा के दौरान प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश, संकल्प वीडियो और फिल्म का प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी, लाभार्थियो के अनुभवों को साझा करने जैसी गतिविधियां होंगी। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के तहत स्वच्छता गीत का प्रदर्शन भी होगा।

प्रधानमंत्री मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ. मोहन यादव ने ली मु यमंत्री पद की शपथ

भोपाल । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बुधवार को राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह में डॉ. मोहन यादव को मु यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राज्यपाल पटेल ने जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शु ल को उप मु यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने नवनिर्वाचित विधायक, भारतीय जनता पार्टी के राज्य, संभाग, जिला और विकासखंड स्तरों के सभी पदाधिकारी और लाखों की सं या में कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और आम नागरिक उपस्थित थे।

भव्य शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह, के न्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय नागरिक विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा कई राज्यों के मु यमंत्री शामिल हुए।

समारोह में मु यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ, मु यमंत्री महाराष्ट्र एकनाथ शिंदे, मु यमंत्री गुजरात भूपेन्द्र पटेल, मु यमंत्री मणिपुर एन. बीरेन सिंह, मु यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी, मु यमंत्री मेघालय कोंराड संगमा, उप मु यमंत्री महाराष्ट्र देवेन्द्र फड़नवीस, उप मु यमंत्री महाराष्ट्र अजीत पवार एवं नागालैण्ड के उप मु यमंत्री वाय. पैटन शामिल हुए।

इसके साथ ही राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी.एल. संतोष, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, म.प्र. भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव कुमार, पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा बड़ी सं या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ आरंभ हुए शपथ ग्रहण समारोह का संचालन मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने किया। समारोह में देश के प्रमुख साधु संत भी स मिलित हुए।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से आए बड़ी सं या में आमजन ने उत्साह से मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभिवादन किया। कार्यक्रम का समापन पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन के साथ हुआ।

विश्व दिव्यांग दिवस पर प्रतियोगिता मिशन स्कूल ग्राऊंड में 14 दिस बर को

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश शासन आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भोपाल के निर्देशानुसार 14 दिस बर »विश्व दिव्यांग दिवस» के अवसर पर कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में 14 दिस बर 2023 को सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के सामर्थ्य कार्यक्रम का आयोजन बड़ा मिशन स्कूल ग्राऊंड सिवनी में प्रातः 10.00 बजे से किया गया है।

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिवनी श्री वीरेश सिंह बघेल ने बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में सभी प्रकार दिव्यांगजनों के नि नानुसार खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित होगी। अस्थिबाधित दिव्यांगजनों हेतु-ट्रायसायकल दौड़ (पैर से दिव्यांगजन स्वयं की ट्रायसायकल वाले शामिल होगे), बैशाखी दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम (गायन एवं वादन दोनो में से एक में शामिल होंगे), श्रवणबाधित दिव्यांगजनों हेतु-50 मीटर दौड़, गोला फेंक,रंगोली, डान्स अथवा फैन्सीड्रेस, मानसिक बाधित दिव्यांगजनों हेतु-बॉल दा बकेट, कुर्सी दौड़ या बॉची गेम (सिवियर स्तर के बच्चो की अलग से होगी), सांस्कृतिक कार्यक्रम (ग्रुप डान्स/एकल डान्स), दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों हेतु-50 मीटर ब्लाइंड स्टिक दौड़, मटकी फोड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम (गायन एवं वादन दोनो में से एक में शामिल होंगे), प्रशिक्षित शिक्षकों की बेलेलिपि रीडिग एवं लेखन, साईन लैग्वेज प्रतियोगिता दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगतावार प्रतियोगिता आयोजित की कर गई है। सभी प्रतियोगिता बालक/बालिका एवं तीन वर्षवार ग्रुप में होगा-जूनियर (14 वर्ष से कम), सबजूनियर (14 से 18 वर्ष), एवं सीनियर (18 वर्ष से अधिक) होगा तथा प्रत्येक दिव्यांग अधिकतम दो प्रतियोगिता में शामिल होगे। मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय द्वारा सभी दिव्यांगजनों से प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना सामर्थ्य प्रदर्शन करने की अपील की गई हैं।

साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पंजीकृत ऐजेसियों से निविदा आमंत्रित

सिवनी यशोः- शासकीय पालीटेॉ नक महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि छात्रावास की सुरक्षा तथा साफ-सफाई व्यवस्था हेतु पुरूष/महिला गार्ड सिविलियन मासिक दर पर कार्य समय 08 घंटे एवं साफ-सफाई व्यवस्था हेतु पुरूष/महिला मासिक दर कार्य करने हेतु ऐजेंसी से निविदाऐं आमंत्रित की गई है। शर्तों के अधीन पंजीकृत एजेंसी अपनी निविदा शुक्रवार 05 जनवरी 2024 को दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में प्रस्तुत करे, प्रास निविदाऐं उसी दिन 12.30 बजे खोजी जायेगी। निविदा पपत्र कार्यालयीन समय में कार्यालय से राशि 500 जमा कर प्रास की जा सकती है।

हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए करें ऑनलाईन आवेदन

सिवनी यशोः- परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर 1 अप्रैल 2019 के पहले रजिस्टर्ड वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अंतिम तारीख 15 दिसंबर निर्धारित कर दी गई है। 15 दिसंबर के बाद बगैर हाई सि योरिटी नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन और वाहन मालिकों के खिलाफ अभियान चलाकर चालानी और दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इससे पहले परिवहन विभाग द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए लोगों को जागरुक किया जाएगा। परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी वाहनों में 15 जनवरी 2024 तक हाई सि योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगा दिए जाएं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के बाद रजिस्टर्ड हो रहे वाहनों में हाई सि योरिटी नंबर प्लेट पहले से ही लगाई जा रही हैं।

हाई सि योरिटी नंबर प्लेट में आसानी से और साफ नंबर दिखाई देगा, नंबर प्लेट पंच होने से आसानी कोई बदल नहीं सकेगा। नंबर प्लेट से वाहन और वाहन मालिक की जानकारी आसानी से मिल जाएगी। डुप्लीकेट नंबर प्लेट नहीं बन पाती। वाहन सुरक्षित रहता है। नंबर प्लेट के ऊपर बाईं ओर नीले रंग का होलोग्राम होता है, जिसके नीचे 10 अंक की स्थायी पहचान सं या पिन की जाती है, जिसे स्कैन करते ही वाहन की पूरी जानकारी मिल जाती है। साथ ही पंजीकृत नंबरों पर हॉट स्टेप फिल्म लगी होती है जिसमें नीले रंग में शॉर्ट इंडिया लिखा होता है।

जिला परिवहन अधिकारी सिवनी श्री देवेश बाथम ने बताया कि आमजन हाई सि यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लिए https://www.siam.in/hrspsubmit.asp&?mpgid=~v&pgidtrail=~v पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

प्रेसर हॉर्न का उपयोग एवं बना परमिट आवागमन करते पाये गये वाहनों पर की गई कार्यवाही

03 बसों पर चालानी कार्यवाही के साथ ही 05 वाहन जब्त किये गये

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा प्रेसर हॉर्न का उपयोग करने वाले तथा बिना परिमिट परिवहन करते पाये गये वाहनों पर कार्यवाही की गई है। चैकिंग के दौरान प्रेसर हॉर्न का उपयोग करते पाये गये बस क्रमांक एम पी 09 एफ ए- 6155 पर 5000 /- रूपये एम पी 19 पी 0972 पर 2000/- रूपये का आर्थिक दण्ड आरोपित किया गया है। इसी तरह बस क्रमांक एम एच 22 3909 पर दिव्यांग यात्री को किराये में छूट न देने को लेकर 2000 /- रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया है। इसके साथ-साथ बिना परमिट आवागमन करते पाये गये 04 कमांडर क्रमशः एम पी -22 बी- 7321, एम पी 28 ए 1326, एम पी 22 बी 6919 तथा एम पी 22 ए 2451 एवं एक ऑटो एम पी 50 आर 0388 को जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय में खडा कराया गया।

दैनिक यशोन्नति की और खबरो के लिये https://dainikyashonnati.com पर जायें

जबरन नॉलेज

अपनी अपनी सोचो काका हा हा हा....

अक्षत कलश का स्वागत, श्रद्धापूर्वक किया जा रहा है दर्शन

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व अनेक आयोजन एवं 22 जनवरी को देश भर में सनातनी मनायेंगे दिवाली

सिवनी यशोः- अयोध्या में भगवान श्रीराम के मन्दिर में रामलला की 22 जनवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठ को सिवनी में महा उत्सव के रूप में मनाने के तहत पिछले दिनों चित्रकूट से अक्षत कलश (पीले चावल) सिवनी जिले में पहुंचने पर सर्व सनातन समाज ने भव्य स्वागत किया। अक्षत कलश सिवनी जिले के सभी प्रखंडों में पहुंचा दिये गये है ।

सिवनी नगरीय क्षेत्र में अक्षत कलश को वार्डों के मंदिरों में दर्शनार्थ रखे जा रहा है नगर के मठ मंदिर क्षेत्र में दर्शनार्थियों के लिये सर्व प्रथम अक्षत कलशों को रखा गया जहाँ बड़ी सं या में सनातन धर्मियों ने श्रद्धा के साथ दर्शन किया इसके पश्चात दुर्गा चौक स्थित मंदिर में क्षेत्र फिर ललमटिया क्षेत्र में दर्शन रखा गया । अक्षत कलश का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भगवान श्रीराम की जयघोष के साथ स्वागत किया जा रहा है । राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण के लिए अयोध्या से आए अक्षत पात्र का श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। जिन मंदिरों अक्षत कलश का श्रद्धा पूर्वक दर्शन करने के साथ धार्मिक आयोजन हो रहे है ।

आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की आयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने की खबर से सभी सनातन धर्मियों में भारी उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है । श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी भी सनातन धर्मियों को अक्षत कलश लेकर आये रामजन्म भूमि के न्यासियों द्वारा दर्शनार्थियों को प्रदान की जा रही है । राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को 16 जनवरी से 22 जनवरी तक उत्साह के साथ मनाया जायेगा । जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को जिले के सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा। 17 जनवरी को महाआरती, 18 जनवरी को भजन सत्संग, 19 जनवरी को शक्ति उपासना के तहत दुर्गा चालीस का पाठ, 20 जनवरी को सामूहिक हनुमान चालीस का पाठ, 21 प्रभात फेरी राम नाम की धुन के साथ निकाली जायेगी । देश के ऐतिहासिक दिन 22 जनवरी को सभी मंदिरों में प्रोजे टर के माध्यम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखना और धार्मिक अनुष्ठान किये जायेंगे । इसी दिन पूरे जिले में दीपावली जैसा माहौल बनाया जायेगा । राम मंदिर न्यास समिति के आह्वान पर हर घर में 11 घी के दीपक जलाकर भगवान श्रीराम की सपरिवार स्तुति आरती की जाये एवं आतिशबाजी होना चाहिये ।

नगर में दुर्दशा का आलम, नपा प्रशासन के प्रति बढ़ रहा आक्रोश

सिवनी यशोः- नगर के अधिकांश वार्ड में अव्यवस्था का आलम है जिसके चलते नागरिकों में खासा आक्रोश पर आते हैं बुधवार को आक्रोशित वार्ड वासी नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने वार्ड में सड़क नाली निर्माण कार्य नहीं होने सहित अन्य अवस्थाओं को लेकर शासन प्रशासन से गुहार लगाई वहीं नगरपालिका प्रशासन व सीएमओ के खिलाफ आक्रोशित होते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए।। कबीरवार्ड निवासियों द्वारा नगर पालिका सीएमओ को सड़क नाली पानी की समस्या सफाई की समस्या को लेकर के नगर पालिका में प्रदर्शन किया गया।

आक्रोशित जनता ने नगर पालिका प्रशासन मुर्दाबाद सीएमओ मुरादाबाद के नारे लगाए। तत्पश्चात नगर पालिका सीएमओ ने जनता की समस्याओं का सुना। उन्होंने कहा कि गुरुवार को आकर आपके वार्डों की समस्या देखेंगे। इस अवशासन पर जनता ज्ञापन देकर वापस लौटी।

एफसीआई कॉलोनी इलाके में भी अव्यवस्था का आलम है। वार्डवासियों ने बताया कि नगर के अनेक वार्डों में अव्यवस्था है। सड़क किनारे अभी भी नाली निर्माण के दौरान निकल रहा मटेरियल सड़क किनारे बेतरतीबढंग से बिखरा पड़ा हुआ है जिसके चलते वहां से गुजरने वाले राहगीर, वाहन चालकों को खासी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नागरिकों ने कले टर से मांग की है कि शीघ्र ही वार्ड में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाई जाए। कबीरवार्ड तुलसी नगर निवासी नीलकमल जैन द्वारा एवं पार्षद संजय भलावी द्वारा सभी नागरिकों को एकत्रित कर प्रदर्शन किया गया।

विकास के मार्ग में सदैव अवरोधक बनता रहा है मजहबी कट्टरतावाद

अथर्व पंवार

फाइल फोटो.....

भारत में आज अहर्निश विकास का रथ बढ़ रहा है . कुछ दिवस पूर्व ही भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था भी बन चुका है और आने वाले दिनों में विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ सबसे बड़ी विपणी बनने की ओर अग्रसर है . अंतरराष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत विकास के नवकिर्तिमान रचते हुए उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रहा है . लेकिन भारत के इस विकास को आज एक सघन संकट भी है, जो एक चिंतनीय विषय है . वह संकट है मजहबी कट्टरवाद . यह एक ऐसी मानसिकता है जो देशकों से निर्मित आधुनिक भारत के विकास के कीर्तिमान की अट्टालिकाओं को क्षण भर में ध्वस्त करने की क्षमता रखती है . भारत के बाहर भी जहाँ-जहाँ यह कट्टरवाद पहुंचा है, वहां विकास का विनाश हो चुका है . इस मजहबी बौद्धिक बल के कारण जनजीवन तो प्रभावित होता है साथ ही देश का अस्तित्व भी संकट में आने की संभावनाएं प्रबल होती है.

सर्वप्रथम यह विदित होना चाहिए कि विकास मात्र चौड़ी सड़कें, ऊँची इमारतें, विस्मयकारी संरचनाएं ही नहीं होता, बल्कि विकास नागरिकों की सार्वजनिक और व्यक्तिगत मूलभूत सुख-सुविधाओं की प्राप्ति के साथ-साथ सांस्कृतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप में हुआ संवर्धन भी होता है . कला और विज्ञान के सभी क्षेत्रों और सभी विधाओं में प्रगति और नए अनुसन्धान भी विकास की श्रेणी में आते हैं . मजहबी कट्टरवाद विकास के सभी प्रकार के घटकों को प्रभावित करता है.

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं अर्थशास्त्री एंगस मेडिसन ने एक अनुसन्धान (विश्व आर्थिक इतिहास ङ्क एक सहस्राब्दी परिप्रेक्ष्य) किया था जिसमें बताया गया था कि 1 ईस्वी से 1500 ईस्वी तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था तथा विश्व के सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में भारत का सर्वाधिक योगदान था . इसके बाद की तीन शताब्दियों तक भारत और चीन में प्रथम पायदान पर बनने की स्पर्धा होते रही थी . किन्तु इसके बाद का काल देखें तो वर्ष 1947 तक अर्थात स्वतंत्रता के समय तक भारत के विकास का पतन होता गया और विश्व की अर्थव्यवस्था में 1947 तक मात्र 3 प्रतिशत (टाइ स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार) सहभाग ही रह गया . इसका कारण अंग्रेजों का कुशासन, उनकी कुनीति और प्राकृतिक एवं मानवनिर्मित अकाल जैसी आपदाएं तो थे ही किन्तु यह भी गौर करना चाहिए कि भारत में पनपे दीर्घकालीन मजहबी कट्टरवाद ने भी भारत के विकास को इस नि न स्तर पर पहुँचा कर रख दिया.

वैसे तो भारत में 636 इस्वी से ही मजहबी आक्रमण होने लगे थे, लेकिन भारत के अर्थतंत्र और विकास के विविध क्षेत्र मुगलों के आक्रमण के बाद से ही सर्वाधिक रूप से प्रभावित हुए . यह काल 15 वी शताब्दी के पश्चात समझा जाता है. मुगलों का भारत पर आक्रमण केवल एक आक्रमण या लूटपाट ही नहीं था बल्कि उनका राजनीतिक उद्देश्य भारत की भूमि पर बसना और इस पर शासन करके यहाँ कि संस्कृति में हस्तक्षेप करना भी था. वह मुगलों का शासन ही था जिसने मजहबी कट्टरता के ऐसे बीजों का अंकुरण किया जिन्होंने भारत के विकास में अवरोधक का कार्य किया और जिससे आज भी भारत ग्रस्त है . जो क्षेत्र इन आक्रान्ताओं के अधिपत्य में आता गया वहां विदेशी दृष्टि के माध्यम से एक भिन्न मजहबी जीवनशैली थोंपने के कारण वहां के विकास का पतन होता गया और प्रतिरोध झेलने ने कारण मजहबी श्रेष्ठतावाद और मजहबी कट्टरतावाद प्रचरित होता गया. इस काल के पहले भी आक्रान्ता आए थे एवं उन्होंने भी मजहबी कट्टरता के नृशंस उदाहरण प्रस्तुत किए थे , लेकिन उनका तीव्र प्रतिरोध किया गया था एवं उनका शासन भारत के आंशिक रूप से संकीर्ण क्षेत्रों में ही था, जिसका प्रभाव विकास और संस्कृति पर बहुत कम पड़ा, लेकिन मुगल काल की स्थिति इसके विपरीत थी.

पीढ़ी दर पीढ़ी मुगलों का वंश बढ़ता गया और उनका शासनकाल भी बढ़ता रहा. इसी के साथ उन्होंने मजहबी जीवनशैली यहाँ के मूलनिवासियों पर बलपूर्वक थौंपी और गौरवशाली भारत के विकास का ह्रास होता गया . जो भारत पहले सोने की चिड़िया कहलाता था, जहाँ ज्ञान सीखने विदेशों के विद्यार्थी आते थे एवं जिसका व्यापार के क्षेत्र में पूरे विश्व में एकछत्र राज्य था; उसके मूलनिवासी अब अपनी सुरक्षा और प्राणों के लिए विनती करने लगे थे . मंदिर, जो कि चारित्रिक और सांस्कृतिक विकास के साथ-साथ आर्थिक विकास के भी केंद्र थे, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया; जिसके कारण भारतीय समाज की मंदिरों पर आधारित अर्थव्यवस्था का पतन हुआ और दारिर्द्य का उद्भव होने लगा . बौद्धिक विकास के केंद्र हमारे मंदिरों के साथ-साथ विद्यापीठ, गुरुकुल और विश्वविद्यालय भी थे, जिन्हें बलपूर्वक क्षीर्ण किया, जिसके कारण कला और सर्वांगीण विकास के अन्य मार्ग भी बंद होने के छोर पर आ रुके . मात्र मजहबी विचारधारा को न मानने एवं स्ववोध का अनुसरण करने के कारण भारत के विकास के समस्त क्षेत्रों का सर्वनाश कर दिया गया.

केवल भारत ही नहीं, बल्कि वर्तमान काल में कई ऐसे देश जो अपने विकास के लिए जाने जाते थे, वह भी इसी मजहबी कट्टरवाद के कारण विनाश का स्वाद प्राप्त कर चुके हैं और अपने समय से कई दशक पीछे पहुँच गए हैं . ईराक, अफगानिस्तान और सीरिया इसके सबसे प्रासंगिक उदाहरण हैं .

यहाँ जिहाद के कारण मतिभ्रमित कट्टरवादियों ने विकास के मार्ग पर चल रहे शांतिप्रिय देश को जीवंत नरक बना दिया. वहीं पाकिस्तान एक ऐसा उदाहरण है जो अपनी मजहबी मानसिकता और कट्टरतावाद के कारण ही सर्वांगीण विकास की सीढ़ियां नहीं चढ़ पा रहा है. मजहबी कट्टरवाद की मानसिकता आज विश्व की वृध्दि और उन्नति के लिए एक संकट के रूप में उभर रही है जिसके लिए विश्व को चिंतन-मनन करना आवश्यक है.

आज इसी विषय पर भारत का परिदृश्य देखें तो यहाँ भी विकास पर मजहबी कट्टरतावाद का घात हुआ है . 26/11 को मुंबई में हुआ आतंकवादी हमला इसका प्रासंगिक उदाहरण है . ताज होटल, ओबेराय होटल, हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन आदि, यह सभी सामान्य जनमानस की दृष्टि में विकास के ही प्रतीक थे; लेकिन मजहबी आतंक के कारण वह सुरक्षित नहीं रह पाए और वैश्विक कट्टरवाद का दंश उन्हें झेलना पड़ा. वर्तमान में चल रही वन्दे भारत ऐ सप्रेस भी विकास का उदाहरण है लेकिन उस पर निरंतर हो रहे पत्थरों से हमलें मजहबी कट्टरतावाद का ही उदाहरण है. जब ष्ट आन्दोलन के समय ट्रेनों पर पत्थर फेंके गए, पटरियों पर मलबा फेंका गया, उद्यानों और स्टेशनों जैसे कई सार्वजनिक स्थलों पर तोड़फोड़ की गई; वह सब निरंतर इसी तथ्य को साबित करता है कि भारत चाहे कितना ही उच्चकोटि का विकास कर ले लेकिन जब तक वह मजहबी कट्टरतावाद के विरूद्ध अपनी एक स्पष्ट नीति नहीं बनाएगा, उसका विकास सदैव संकट के घेरे में ही रहेगा . इस मजहबी कट्टरतावाद के रोग से भारत को बचाने के लिए उन सभी वर्गों का बौद्धिक विकास करना चाहिए जो इसे अपनी जीवनशैली का अंग समझ बैठे हैं तथा जिनके लिए उनकी कट्टरता उनका मजहबी कर्तव्य बन चुकी है.

लेकिन सुखद बात यह है कि पिछले एक दशक से एक ऐसी सरकार का शासन है जो इस मजहबी कट्टरवाद के संकट से सकुशलतापूर्वक उबारने में सक्षम है. आज भारत में विकास के साथ-साथ सुरक्षा की नीति भी क्रियान्वित है. लोक विकास का एक पहलू यह भी है कि नागरिक के विकास के साथ उसे भयमुक्त वातावरण भी देना होता है, और इसी का निर्वहन करने में वर्तमान सरकार सफल हुई है. जहाँ पहले आए दिन देश के बड़े शहरों में बम धमाकों और दंगों के समाचार आते थे एवं उनके समाचार सामान्य हो गए थे, वहींआज इस सरकार ने लगातार मजहबी नैं सस पर प्रतिघात करके नागरिकों को भयमुक्त वातावरण देने के प्रयास किए हैं. इसी का परिणाम है कि पिछले 10 वर्षों से बम धमाके या दंगे के समाचार दुर्लभ हो गए हैं जो पहले आए दिन समाचारपत्रों में प्रकाशित होते थे. आज भारत विकास के कीर्तिमान रचता हुआ आगे भी बढ़ रहा है और वैश्विक एवं आन्तरिक स्तर पर मजहबी कट्टरतावाद के संकट से उबरने के लिए सतत प्रयास भी कर रहा है.

आज भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि इस मजहबी कट्टरतावाद के प्रति मुखर हो जाए एवं अपना स्पष्ट मत भी बनाए . जब नागरिक अपना मतदान अपने विकास के लिए सोचकर देता है तो यह उसी नागरिक की जि मेदारी भी है कि उसी विकास की सुरक्षा के लिए भी चिंतन करे . विकास के साथ सुरक्षा का पैमाना भी हमें सोचना पड़ेगा योंकि यदि मजहबी कट्टरता से सुरक्षा की गारंटी नहीं होगी तो हमें प्राप्त विकास औचित्यहीन हो जाएगा . हमें आज यह चिंतन करना होगा कि किस शासन, किस सरकार, किस परिप्रेक्ष्य में हम विकास और सुरक्षा दोनों प्राप्त कर पाएंगे एवं ा या नीतियाँ भारत के समग्र विकास को मजहबी कट्टरता से बचा सकेगी.

उज्जैन में देश का सर्वश्रेष्ठ लीन स्ट्रीट फूड हब 'अवंतिका प्रसादम् तैयार

उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के नवविस्तारित क्षेत्र में देश का सर्वश्रेष्ठ लीन स्ट्रीट फूड हब 'अवंतिका प्रसाद ' खुलने को तैयार हो गया है। अगले कुछ सप्ताह में उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी यहां विभिन्न स्वच्छ, सुरक्षित खान-पान की दुकानें खोलने को स्टाल उपलब्ध करा देगी। इसके लिए आवंटन की शर्तें तैयार की जा रही हैं।

कहा गया है कि लगभग छोटे-बड़े आकार के 54 फूड स्टाल बनाए हैं, जिनमें से कुछ स्टाल हार-फूल, प्रसादी और पूजन-शृंगार सामग्री की दुकान लगाने को आवंटित होंगे। तैयारियों के क्रम में सोमवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त डा. सुदाम खाड़े ने 'अवंतिका प्रसादम् केंद्र' का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को सराहा। निरीक्षण में कंपनी के कार्यकारी निदेशक सहनगर निगम आयुक्त रोशन सिंह, अधीक्षक यंत्री अभियंता नीरज पांडे साथ थे। उन्होंने बताया कि यहां देश का सर्वश्रेष्ठ लीन स्ट्रीट फूड हब विकसित करने की योजना है।

श्रद्धालुओं को मालवा का प्रसिद्ध दाल-बाटी- चूरमा, पोहा सहित कई व्यंजन उपलब्ध होंगे। यहां उपलब्ध होने वाले व्यंजन पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित होंगे।

याद रहे कि अवंतिका प्रसादम् का निर्माण भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण से मिली अनुदान राशि से हुआ है। व्यंजनों की उपलब्धता के लिए लगभग 50 फूड स्टाल आवंटित किए जाएंगे।

श्री महाकाल महालोक की दुकानें सालभर बाद भी नहीं खुलीं

श्री महाकाल महालोक में उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा बनाई 89 दुकानों का लोकार्पण 11 अे टूबर 2022 को हुआ था। सालभर से अधिक वक्त गुजर गया हैं मगर यहां एक भी दुकान न खुल पाई है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को हस्तांतरित मध्यांचल भवन एवं त्रिवेणी मंडपम् में बनीं 60 दुकानों के संबंध में प्रशासक संदीप सोनी का कहना है कि जिन्हें दुकान आवंटित की है वे रजिस्ट्री करवा रहे हैं।

जल्द ही दुकानें खुलेंगी। इधर नगर निगम को हस्तांतरित मध्यांचल भवन के प्रथम तल पर बनीं 19 दुकानें भी न खुल पाई हैं।

कोर्ट में लगी याचिका के बाद से इनके खुलने का प्रकरण रूका पड़ा है। यहां बता दे कि तीन महीने पहले नगर निगम ने दुकान प्राप्त करने को विस्थापित दुकानदारों से अंतर की रशि (25 प्रतिशत) 15 दिन में जमा करने को नोटिस जारी किया था।

सर्दी के मौसम में दिल के दौरों की आशंका, हल्के में न लें

भोपाल। सर्दी के मौसम में दिल के दौरों की आशंका बढ़ जाती है। ठंड तेज होते ही हृदयघात के मामले बढ़ गए हैं। ऐसे में शीतघात के प्रभाव से बचने स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दी है। डॉ टर्स कहते हैं कि ठंड के मौसम में कुछ सावधानी बरतना जरूरी है।

सीएमएचओ डॉ.दीपक पिप्पल ने बताया, क्षेत्र में शीत लहर का व्यापक प्रभाव दिखाई देता है। हर साल दिसंबर-जनवरी में और कभी-कभी विस्तारित शीत लहर के कारण नवंबर से फरवरी तक इसका प्रभाव होता है। वर्तमान में शीत ऋतु में शीत-घात (शीत लहर) की वजह से अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें उत्पन्न हो रहीं हैं। शीत लहर बारिश कोहरा आदि मौसम में खासतौर पर दिल के दौरों की आशंका बढ़ जाती है। इन समस्याओं को समय से पूर्व बचाव कर लिया जाए तो इस प्राकृतिक विपदा का सामना किया जा सकता है।

शीत लहर या है-

सर्दी के मौसम में जब ज्यादा ठंडी हवाएं तेजी से चलने लगती हैं, तापमान में तेजी से गिरावट होने लगती है, तब इस स्थिति को शीत लहर कहते हैं। आसान शब्दों में सर्दी के मौसम में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से लेकर 4-5 डिग्री नीचे चला जाता है तो इसे शीतलहर कहा जाता है।

यह रखें ध्यान

-पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े पहने।
-नियमित रूप से गर्म पेय पीते रहे।
-स्वास्थ्य खराब होने पर चिकित्सक से संपर्क करें।
-अल्प तापावस्था के लक्षण
-सामान्य से कम शरीर का तापमान
-न रुकने वाली कंपकंपी
-याददाश्त चले जाना
-बेहोशी या मूर्छा की अवस्था
-जुबान का लड़खडाना

उपरोक्त लक्षण प्रकट होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

नीमच से आए ASI शर्मा की ए सीडेंट में मौत, मु यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में ड्यूटी लगी थी

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मु यमंत्री डॉ मोहन यादव के शपथ ग्रहण समारोह को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए मध्य प्रदेश के कई जिलों से पुलिस फोर्स बुलाया गया है। नीमच से आए स्टु श्री कैलाश शर्मा की भोपाल में, एक रोड ऐ सीडेंट में मृत्यु हो गई। असिस्टेंट सब इंस्पे टर श्री कैलाश शर्मा की ड्यूटी ङ्कढ्ढक्क त्रह्लष पर लगाई गई थी। मंगलवार की शाम जब वह अपनी ड्यूटी पॉइंट पर तैनात थे, एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई। ड्यूटी पर उनके साथ तैनात अन्य पुलिस अधिकारियों ने घायल श्री कैलाश शर्मा को अस्पताल पहुंचाया परंतु इससे पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। डॉ टर का कहना है सर पर गंभीर घाव के कारण उनकी मृत्यु हुई।

21 देशों की नदियों के जल से उज्जैन में होगा भगवान महाकाल का अभिषेक

उज्जैन। कालिदास संस्कृत अकादमी में 15 से 17 दिसंबर तक यूनाइटेड किंशयसनेस का्रे लेव का आयोजन होगा। इसमें शामिल होने आए रहे 21 देशों के प्रतिनिधि अपने देश की नदियों का जल लेकर आएंगे। उस जल से भगवान महाकाल का अभिषेक किया जाएगा। भगवान महाकाल को अर्पित जल एकत्रित कर उस जल से मोक्षदायिनी शिप्रा का अभिषेक होगा। डा. विक्रांत सिंह तोमर ने बताया कि योग पर आयोजित होने वाले इस का्रे लेव का शुभारंभ 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे डा. विनय सहस्त्रबुद्धे के मु य आतिथ्य में होगा। 17 दिसंबर को समापन समारोह के मु य अतिथि कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत होंगे। तीन दिन तक सुबह 9 से रात 8 बजे तक आठ सत्रों में अतिथि अपने विचार व्यक्त करेंगे। प्रत्येक सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम रहेगा।

कार्यक्रम में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

कालिदास अकादमी के पं. सूर्यनारायण संकुल में उद्घोधन सत्र चलेंगे। वहीं कालिदास अकादमी भवन में योग का प्रैंटकल कराया जाएगा। कार्यक्रम में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। शहर के लोग महाकाल वाणिज्य स्थित अक्षरा किड्स एकेडमी में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

बौद्धिक सत्र को ये करेंगे संबोधित तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न बौद्धिक सत्र को संबोधित करने के लिए देश-विदेश से 21 विद्वान आ रहे हैं। इनमें डा. एचआर नागेंद्र, स्वामी सूर्यानंद सरस्वती, पद्मश्री सतगुरु अमृत सूर्यानंद, स्वामीनाथन गुरु मूर्ति, डा. रामास्वामी बालसुब्रह्मण्यम, आचार्य विवेक गुप्ता, साध्वी भगवती सरस्वती, डा. हिमांशु राय, गौरांगदास प्रभु, एमी ब्लेसिओ, योगी अद्रिहल आदि शामिल हैं।

ढाई साल से भर रहे प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त, नहीं मिला घर

इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी प्रोजे ट प्रधानमंत्री आवास योजना में घर लेने वाले सैकड़ों लोग पजेशन नहीं मिलने से परेशान हैं। ये वे लोग हैं जो ढाई साल से ढ्ढक्क्ष घर की किश्त भर रहे हैं और दूसरी जगह किराए के मकानों में रह रहे हैं। किश्त के साथ किराए के दोहरे बोझ ने इन लोगों की कमर तोड़ दी है और ये घर चलाने में भी परेशानियों का सामना कर रहे हैं।

या है मामला

इंदौर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सतपुड़ा प्रोजे ट में घर लेने वाले सैकड़ों लोग ढाई साल से पजेशन के लिए दर दर भटक रहे हैं। परेशान होकर ये लोग इंदौर कले टर डो टर इलैया राजा टी के पास पहुंचे। लोगों ने कले टर को बताया कि हमें घर नहीं मिल रहा है और हम शुरुआती अमाउंट भरने के साथ हर महीने लगातार किश्त भी भर रहे हैं। इस पर कले टर ने ठेकेदार और निगम अधिकारियों से बात की। ठेकेदार ने बताया कि पैसों की समस्या की वजह से वह काम नहीं कर पा रहे हैं जबकि निगम अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। सभी से बात करने के बाद कले टर ने लोगों से कहा कि काम जल्द शुरू हो जाएगा और हम आपको लैट दे देंगे। इस पर लोगों का कहना था कि समय सीमा बता दें कि कब लैट मिलेंगे। कले टर समय सीमा नहीं बता पाए और कहा कि आप चाहें तो अपने पैसे भी वापस ले सकते हैं।

कितना पैसा जमा किया लोगों ने

लोगों ने वन बीएचके लैट के लिए शुरुआत में 90 हजार रुपए जमा किया और लोन करवाने के बाद हर महीने 6500 रुपए किश्त जमा कर रहे हैं।

ढाई साल बाद पैसे वापस लेकर या करेंगे, हमें तो घर चाहिए

सतपुड़ा प्रोजे ट में घर खरीदने वाले सुधाकर राव तिरोले ने अमर उजाला से बातचीत में कहा कि हमने कले टर से इस मामले की शिकायत की है। उन्होंने पैसे वापस दिलाने की बात कही है लेकिन हमें पैसे नहीं चाहिए। हमें घर ही चाहिए।

एमआईसी में प्रपोजल जाने के बाद शुरू हो जाएगा काम

प्रधानमंत्री आवास योजना का काम काम रेख रहे अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कहा कि पैसों की कोई समस्या नहीं है। ठेकेदार कुछ कारणों से निर्माण कार्य नहीं कर पाया जिसकी वजह से विलंब हुआ। हम नया प्रपोजल बनाकर एमआईसी में भेज रहे हैं। प्रपोजल ि लयर होने के बाद काम शुरू हो जाएगा। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि कब लोगों को घर मिल जाएंगे।

शिवराज सिंह को फिर मु यमंत्री बनाए जाने की उठी मांग, लाड़ली बहनों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

दमोह। दमोह में लाड़ली बहनों ने शिवराज सिंह चौहान को पुनः मध्यप्रदेश का मु यमंत्री बनाने की मांग करते हुए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री से मांग की कि उनके भाई को ही पुनः मु यमंत्री बनाया जाए, यदि ऐसा नहीं होता तो वह धरना प्रदर्शन करेंगी।

नगर पालिका परिसर में स्थित श्रीराम मंदिर में मंगलवार को दर्जनों महिलाओं के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया और प्रधानमंत्री से मांग की गई कि उनके भाई शिवराज सिंह चौहान को पुनः मध्यप्रदेश का मु यमंत्री बनाया जाए। महिलाओं ने कहा कि इस चुनाव में उन्होंने अपने भाई को वोट दिया है, जिसका परिणाम है मध्यप्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनी है। इसलिए वह नरेंद्र मोदी से प्रार्थना करती है कि शिवराज सिंह चौहान को पुनः मध्यप्रदेश का मु यमंत्री बनया जाए। यदि ऐसा नहीं होता तो वह धरना प्रदर्शन भी करेंगी। महिला मजबूर संतोषी ठाकुर ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान के द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिसमें लाड़ली बहना भी शामिल है। आज वह स मान का जीवन जी रही हैं और हर महीने उन्हें 1,250 रुपये भी मिल रहे हैं। वह आज किसी के सामने हाथ फैलाने मजबूर नहीं है। इसलिए वह चाहती है कि उनके भाई को मध्यप्रदेश का मु यमंत्री बनया जाए।

इसके अलावा अन्य महिलाओं ने भी मांग की है कि मु यमंत्री के रूप में फिर से शिवराज सिंह चौहान को ही देखना चाहती हैं और यदि ऐसा नहीं होता तो वह खान, पीना छोड़ देंगी और अनशन करने मजबूर होंगी। इन महिलाओं ने शिवराज सिंह के समर्थन में नारेबाजी भी की और प्रधानमंत्री से मांग की है कि उनकी प्रार्थना को स्वीकार किया जाए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की कले टर सिंघल ने की समीक्षा

अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभों और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित होने वाली %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% की तैयारियों को लेकर कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार 13 दिस बर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों, अनुविभागीय अधिकारियों, सीएमओ तथा सीईओ जनपदों से चर्चा की।

कले टर श्री सिंघल ने अधिकारियों को यात्रा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए विभागीय अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में आगामी 16 दिस बर से विकासखण्डवार कुल 9 प्रचार रथों के माध्यम से यात्रा प्रारंभ होगी। यह प्रचार रथ जिले के सभी ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। इस दौरान शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही अपने अनुभवों को साझा करते हुये लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित करेंगे। यात्रा के दौरान योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लाभों से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के साथ ही पात्र हितग्राहियों के नये प्रकरण तैयार कर उन्हें भी लाभान्वित किया जायेगा।

कले टर श्री सिंघल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस- उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 16 दिस बर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक चलने वाली %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% प्रत्येक विभाग का मैदानी अमला अनिवार्यतः उपस्थित रहकर योजनाओं का प्रचार -प्रसार करे तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करने की कार्यवाही विभागीय अमले द्वारा किया जाए। उन्होंने यात्रा के दौरान अपने अनुभव साझा करने के लिए शासन की कल्याणकारी योजना से लाभांवित हुए हितग्राहियों के ग्रामवार एवं वार्डवार चयन करने के निर्देश भी दिए, ताकि उनके प्रेरणा लेकर अन्य हितग्राही भी आगे आकर योजनाओं का लाभ ले सके।

16 दिसंबर से आरंभ होगी लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

सिवनी यशोः- जिले की क्रिकेट प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए जय अ बे सि यूरिटी सर्विस समूह द्वारा लगातार हर वर्ष प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिले में पहली बार समूह के डायरे टर अरूण यादव के प्रयासों से लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन डूंडासिवनी स्थित मैदान में होगा। मिली जानकारी के अनुसार इस टूर्नामेंट में सिवनी छिंदवाड़ा एवं जबलपुर की कुल 12 टीमें भाग लेगी। पूल ए में सिवनी बायज सिवनी, सतपुड़ा टाईगर छिंदवाड़ा, रवि चाचू इलेवन सिवनी, पूल बी में जैस ब्लू, साइनिंग स्टार व अधिवक्ता सीनियर सिवनी, पूल सी में एकतो लब छिंदवाड़ा, जबलपुर टाईगर व पटेल इलेवन उड़ेपानी को रखा गया है, जबकि पूल डी में अधिवक्ता जूनियर, जैस एलो व एमसीसी गोपालगंज की टीमें होगी। आगामी 16 दिसंबर दिन शनिवार को प्रतियोगिता का पहला मैच सुबह 8 बजे से अधिवक्ता जूनियर एवं जैस इलेवन के बीच खेला जायेगा, दोपहर 12 बचे रवि इलेवन व सतपुड़ा टाईगर छिंदवाड़ा की टीमे आमने सामने होगी। रविवार को जैस ब्लू व अधिवक्ता इलेवन का मैच सुबह 8.30 बजे से होगा, जबकि दोपहर 12 बजे से सिवनी बायज सिवनी व सतपुड़ा टाईगर छिंदवाड़ा के बीच मैच खेला जायेगा। पूल मुकाबलों के बाद 22 दिसंबर दिन शुक्रवार को पूल एक में टापर टीम व पूल सी की टॉपर टीम आमने सामने होगी, जबकि शनिवार को पूल बी टॉपर और पूल डी टॉपर के बीच मैच होगा।

आयोजन समिति के अरूण यादव ने बताया कि प्रतियोगिता का मेगा फाइनल 24 दिसंबर दिन रविवार को 11 बजे से डूंडासिवनी मैदान बरघाट रोड में आयोजित होगा। प्रतियोगिता के सभी मैचों का सीध प्रसारण यूट्यूब चैनल पर भी दर्शक देख सके गे। प्रतियोगिता में आयोजन समिति द्वारा विजेता, उपविजेता टीमों को नगद पुरूस्कार के अलावा विशाल ट्राफिया भी प्रदान किये जाने पर पहले ही आयोजन समिति निर्णय ले चुकी है। इसके अलावा पूरे आयोजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों को भी पुरूस्कार दिये जायेंगे। डूंडासिवनी के मैदान को लेदर बॉल क्रिकेट के लिए अनुकूल बनाने की तैयारियां जोर-शोर पर जारी है जहां विशेष तौर पर पिच का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। विगत दिनों हुई असमय वर्षा के कारण प्रतियोगिता कुछ देरी से शुरू हो रही है लेकिन जिले सहित छिंदवाड़ा व जबलपुर की टीमों के खिलाड़ी दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र जरूर होगे।

केन्द्रीय विद्यालय सिवनी मे आयोजित हुई यातायात एवं साइबर सुरक्षा संबंधी वर्कशॉप

सिवनी यशोः- केन्द्रीय विद्यालय सिवनी मे विगत 12 दिस बर 2023 को डूँडा सिवनी थाना प्रभारी श्री ओमेश्वर ठाकरे के मु ख आतिथ्य में यातायात एवं साइबर सुरक्षा संबंधी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के विभिन्न नियमों, वाहन चलाते समय शीट बेल्ट एवं हेलमेट लगाने संबंधी जानकारी तथा उपयोगिता बताई गई। वर्कशॉप में साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, नशाखोरी व धूम्रपान के दुष्परिणाम, अनुशासन एवं बाल सुरक्षा अधिनियम की जानकारी देने के साथ ही सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग एवं इसके निस्तारण की जानकारी प्रदान की गई। वर्क शॉप के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री टी एस राहंगड़ाले एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमति लीना पन्दे एवं अन्य स्टॉफ की उपस्थिति रही।

आभार यात्रा दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर रजनीश सिंह का जगह जगह हुआ स्वागत

छपारा यशोः- केवलारी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधानसभा क्षेत्र केवलारी से प्रचण्ड बहुमतों से विजय होने के पश्चात विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं बंधुओं के आभार हेतु विशाल जन आभार यात्रा निकाली जन आभार यात्रा में आज मां बंजारी का पूजन कर आज की आभार यात्रा का प्रारंभ किया एवं आज ग्राम सोनखार,मोहबर्रा, उगली, ढूटेरा, सरेखा, खुरसरा, कनारी, पांडिया छपारा,का दौरा किया। जन आभार यात्रा दौरा कार्यक्रम के दौरान विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी का जगह जगह ढोल बाजे एवं मंगल कलश व फूल माला से भव्य स्वागत वंदन किया गया। इनके साथ-साथ इनके साथ-साथ यदुवंशी समाज की ओर से भी अपनी पूरी वेशभूषा के साथ नवनिर्वाचित विधायक ठा रजनीश सिह का गण एव नृत्य करते हुए स्वागत किया गया और आज इसी समाज से हमारे प्रदेश के मुखिया हैं इस समाज के विषय में पूर्व विधायक राकेश पाल के द्वारा जो टिप्पणी की गई थी वह उनके आचरण का प्रतीक है इस अवसर पर विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाता बंधुओं से मुलाकात कर बधाई एवं आशीर्वाद प्राप्त किया व विजयश्री दिलवाने में सहयोग करने के लिए सभी को हृदय से धन्यवाद दिया एवं समस्त मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर साथ ही जिला/ब्लॉक /मंडलम/से टर/बूथ कांग्रेस कमेटी,युवक कांग्रेस, एनएसयूआई,सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं समेत समस्त वरिष्ठ जनों को उपास्थित रही।

कले टर ने किया उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार 13 दिस बर को उपार्जन केन्द्र गोपालगंज, मोहगांव एवं बादलपार का औचक निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों की सभी जरूरी व्यवस्था सहित किसानों की सुविधा के लिए पेयजल, पंखा छाया आदि की व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने उपार्जन प्रभारियों को एफ ए ` यू गुणवत्ता की स्पष्टता के लिए बैनर आदि लगाने तथा उपार्जन केन्द्र में पंजीकृत किसानों से संपर्क कर सभी से स्कंध सुखाकर एवं साफ करने के उपरांत ही खरीदी केंद्रों में लाए जाने की अपील करने के निर्देश दिये है। उन्होंने आकस्मिक बारिश को ध्यान में रखते हुए उपार्जित धान की सुरक्षा के लिए तिरपाल आदि की व्यवस्था तथा विधिवत स्टेकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने उपार्जित धान का भुगतान संबंधित किसान को समय सीमा में करने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति अधिकारी श्री शैलेश शर्मा, डी एम नागरिक आपूर्ति निगम एवं उपायुक्त सहकारिता सहित अन्य उपार्जन से जुडे अधिकारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास केवलारी द्वारा जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी केन्द्र चिखली एवं पिपरिया में एक-एक पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा आंगनबाड़ी केन्द्र चिरचिरा, भरभेली एवं बावली में एक- एक पद आंगनबाडी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु 26 दिस बर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

छपारा नगर के विवेकानंद वार्ड में वार्ड वासियों की मांग पर नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमि पूजन

छपारा यशोः- विधानसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लागू थी जिस वजह से सभी विकास कार्य रुके हुए थे, आचार संहिता समाप्त होने के बाद छपारा नगर के विवेकानंद वार्ड में वार्ड वासियों द्वारा लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही थी जिस पर वार्ड के सक्रिय पार्षद रामेश्वर बंजारा के प्रयास से उक्त कार्य का मंगलवार 12दिसंबर को भूमि पूजन किया

गया इस अवसर पर नगर परिषद की अध्यक्ष निशा पटेल उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह, वार्ड पार्षद रामेश्वर बंजारा, परिषद के निर्माण समिति के सभापति धर्मेंद्र जैन के साथ बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे इस अवसर पर वार्ड के नागरिको ने कहा की इस नाली के निर्माण होने से सड़क पर बहने वाले पानी से निजात मिल जाएगा चूंकि पूर्व बनी हुई नालिया अब जरा सी बारिश में ओवर लो हो जाती हैं अतः नवीन नाली की अत्यंत आवश्यक थी, साथ ही पार्षद रामेश्वर ऐसे ही सक्रियता से कार्य करे जिससे वार्ड के जो विकास कार्य अधूरे हैं उन्हें पूरे किए जा सके।

मोहन चंदेल प्रकरण को लेकर कुर्मी समाज की बैठक संपन्न हुई

निष्कासन रद्द करने हेतु गिड़गिड़ाया नहीं जाएगा बल्कि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो मजा चखाया जाएगा - गोपाल सनोडिया

मोहन चंदेल जी पर कार्यवाही करने की साजिश पहले ही रची जा चुकी थी - शिव सनोदिया

मोहन चंदेल मेरे ब्लॉक के प्रभारी थे उन्होंने पूरी ईमानदारी से पार्टी का कार्य किया है - जितेंद्र सनोदिया

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कमेटी शिवनी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सिवनी के पूर्व अध्यक्ष व कुर्मी समाज के नेता श्री मोहन सिंह चंदेल को विधानसभा चुनाव में भीतर घात करने के तथ्यहीन आरोपों को लगाकर अनुशासनहीनता की कार्यवाही की गई है इसके विरोध में आज मंगल भवन में जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष श्री गोपाल प्रसाद सनोदिया ने किया।

इस अवसर पर समाज के समक्ष अपनी बात रखते हुए श्री गोपाल प्रसाद सनोदिया ने कहा कि हमारे समाज के नेता मोहन सिंह चंदेल के साथ जो बर्ताव कांग्रेस पार्टी एवं विशेष कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने किया है वह निंदनीय है और मैं इसकी निंदा करता हूं। उनकी इस बात का उपस्थित समस्त लोगों ने ताली बजाकर समर्थन किया। श्री सनोदिया ने कहा कि मैं 35 वर्षों तक पुलिस विभाग की सेवा में रहा हूं परंतु आज तक ऐसा नहीं हुआ की घोर से घोर अपराध करने वाले व्यक्ति को भी अपना पक्ष रखने का अवसर न दिया गया हो। परंतु श्री खुराना ने स्वयं एवं अपने ऊपर के नेताओं को गुमराह करते हुए यह कार्यवाही करवाई है। जिसमें श्री चंदेल को अपनी बात रखने का भी अवसर नहीं दिया गया।

सनोडिया जी ने यह भी कहा कि वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में भारी भरकम धनराशि खर्च करने के बावजूद खुरशा 40000 ही वोट ले पाए थे एवं तीसरे नंबर पर रहे थे। वही 2018 के विधानसभा चुनाव में श्री मोहन सिंह चंदेल ने 78 000 के बड़े आंकड़े तक कांग्रेस के जन आधार को पहुंचाया और अगर कांग्रेस के तमाम लोगों ने ईमानदारी से साथ दिया होता तो चुनाव जीत गए होते।

इस बार भी कांग्रेस ने गलत निर्णय लिया अगर श्री मोहन चंदेल को दोबारा से अवसर दिया गया होता तो कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होती। जब पप्पू खुराना एवं आशुतोष वर्मा जैसे व्यक्तियों को दो-दो बार मौका दिया जा सकता है तो मोहन चंदेल को दोबारा अवसर यों नहीं दिया गया।

इसके पूर्व समाज के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए श्री मोहन सिंह चंदेल ने बताया कि जिन आरोपों को लेकर कार्यवाही की गई है वह पूरी तरह से झूठ एवं निराधार है। श्री चंदेल ने समाज को आश्वस्त किया कि उन्होंने कोई भी ऐसा पार्टी विरोधी कृत्य नहीं किया है। श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के कुछ नेता मुझे एवं मुझ जैसे जन आधार वाले नेताओं से ईर्ष्या रखते हैं। दूसरी बात यह है कि मैं स्वाभिमान के साथ पार्टी एवं समाज का कार्य करना चाहता हूं। और उनको चापलूस लोग पसंद है। श्री चंदेल ने बताया कि उन्हें पिछले पंचायत चुनाव में भी जिला पंचायत के चुनाव लड़ने से रोका गया एवं इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष से भी फोन करवाया गया। चुनाव जीतने के लिए मेरे नाम से पूरे क्षेत्र में अपील बांटी गई एवं बाद में निष्कासन की कार्रवाई कर दी गई।

इस बार भी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बरघाट विधानसभा की प्रत्याशी श्री अर्जुन काकोडीया एवं सिवनी विधानसभा के प्रत्याशी श्री आनंद पंजवानी के द्वारा मेरी झूठी शिकायत की गई है। और इस पर मेरा पक्ष सुने बिना एक तरफा कार्रवाई की गई है। चंदेल ने उपस्थित समाज के बंधुओं से इस विषम परिस्थिति में साथ मे खड़े होने के लिए सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए जिला कांग्रेस के महामंत्री श्री शिव सनोदियां ने कहा कि श्री मोहन चंदेल का निष्कासन एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। योंकि चुनाव चालू होने के पहले से ही यह तय कर लिया गया था कि मोहन चंदेल जी के ऊपर कार्यवाही करना है। यह एक तरफा फैसला है और मैं इसकी भर्त्सना करता हूं और इसके विरोध में इस्तीफा की घोषणा करता हूं। और आगे समाज जो भी निर्णय लेकर उसके साथ हूं।

समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री रामायण सिंह सिसोदिया ने कहा कि मैं इस कार्यवाही की निंदा करता हूं और इसके विरोध में इस्तीफे घोषणा करता हूं और मोहन चंदेल जी के साथ मजबूती के साथ खड़ा हूं।

जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने कहा कि यह कार्रवाई गलत है बगैर पक्ष सुने कार्रवाई नहीं की जाना चाहिए और मैंने देखा है कि उन्होंने पूरे क्षेत्र में कांग्रेस के पक्ष में काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम सब लोगों ने पिछले बार मेहनत करके उन्हें जीता लिया होता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने कहा समाज जो भी निर्णय लेगा मैं उसके साथ हूं।

कांग्रेस नेता श्री राजू सनोदिया बधाई ने कहा कि चाहे कांग्रेस पार्टी हो या बीजेपी हमारे लोगों का उपयोग कर लेती है और बाद में इसी तरह से तिरस्कार करती है। श्री सनोदिया ने कहा कि अगर समाज यह निर्णय लेता है कि सभी को इस्तीफा देना है तो मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। कुर्मी क्षत्रिय समाज के महासचिव एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवनी ग्रामीण ग्रामीण के अध्यक्ष श्री जितेंद्र सनोदिया ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मैं इस बात को प्रमाणित करता हूं कि मोहन सिंह चंदेल ने जो कि मेरे ब्लॉक के प्रभारी थे पूरे चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के पक्ष में काम किया है एवं मतदान के दिन भी वे पूरे समय मेरे साथ रहे हैं। अगर उनके विरुद्ध किसी ने भी कोई शिकायत किया है तो उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका अवश्य देना चाहिए था। मैं इस कार्रवाई का विरोध करता हूं एवं समाज के साथ हूं।

ग्राम बंडोल से पधारे श्री दादूराम सनादय ने कहा कि मैं इस कार्रवाई का विरोध करता हूं एवं इसके विरोध में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप चुका हूं।

ग्राम सिमरिया के निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रगतिशील किसान श्री शिवराम पटेल ने कहा कि जब पार्टी ऐसा मानती है कि मोहन चंदेल इतने पावरफुल हैं कि वह दो-दो विधानसभा हरवा सकते हैं तो पार्टी ने उन्हें एक बार फिर से मौका यों नहीं दिया।साथ ही श्री पटेल ने यह भी कहा कि जब मोहन चंदेल चुनाव लड़े थे तो बड़ी मात्रा में लोगों ने भीतर घात किया था ` या जिला कांग्रेस अध्यक्ष बताएंगे उनके खिलाफ या कार्रवाई की गई। हम सब इस बात को भली बाती जानते हैं की कार्यवाही करना तो दूर उनको नोटिस तक जारी नहीं हुआ।

इस अवसर पर कुर्मी समाज के वरिष्ठ नेता समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता श्री ज्ञानचंद सनोदिया भाजपा नेता श्री परशुराम सनोदिया खैरी श्री मायाराम सनोदिया हिनोतिया श्री जीवन सनोदिया निर्मला देवी महा विद्यालय जाम श्री चेतराम सनोदिया किसान नेता श्री हकुमचंद सनोदिया श्री विश्राम सनोदिया श्री हरि सिंह सनोदिया श्री सतीश सनोदिया पिपरिया एवं उमा पटेल सिंगोड़ी ने भी अपने विचार रखें एवं समाज के हर निर्णय में सहभागिता करने का आश्वासन दिया।

अंत में समाज ने प्रमुख रूप से नि नलिखित निर्णय लिया

निष्कासन को रद्द करने हेतु जिला कांग्रेस अध्यक्ष के समक्ष गिड़गिड़ाया नहीं जाएगा। बल्कि स्वत संज्ञान लेकर अगर कांग्रेस समय रहते कार्यवाही नहीं करती है तो आने वाले चुनाव में मजा चखाया जायेगा।

मोहन चंदेल भी अपनी बात प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष ही रखें। अगर श्री चंदेल चाहेंगे तो पक्ष रखते समय समाज के लोग उनके साथ उपस्थित रहने को तैयार हैं।

समाज अपने किसी भी सदस्य को इस्तीफा देने के लिए नहीं कहेगी। ` योंकि समाज का मानना है कि इस्तीफा कोई समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही जिन लोगों ने कार्यवाही कराई है वह कांग्रेस के मालिक नहीं हैं।

इस अवसर पर सभी क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में स्वजाति बंधु उपस्थित थे। अंत में आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त की गई।

स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

मण्डला यशो:- मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजनान्तर्गत जिले में स्वरोजगार की संभावना एवं स्वयं का रोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से मण्डला के लिए 28 हितग्राहियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बोर्ड द्वारा विभिन्न रोजगार-मुखी व्यवसायों जैसे- सिलाई, रेडीमेड गारमेंट, बेकरी, फूड प्रोसेसिंग, क प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, प्ल बर, दोना पत्तल, टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, मर मत, ट्रे टर रिपेयरिंग, मोबाईल रिपेयरिंग, ढाबा रेस्टोरेन्ट, राईस मिल, फोटो कॉपी, क प्यूटर ऑनलाईन सर्विस, आटा चक्की, तेल मिल, टेन्ट हाउस, फर्नीचर निर्माण एवं रेपेरिंग, निर्माणकार्य से सर्बंधित आदि ट्रेडों में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर स्वयं का व्यवसाय किये जाने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 20 दिसंबर से

मंडला यशो:- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 20 दिसंबर से 5 जनवरी तक किया जाएगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नवीन मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे। साथ ही मतदाता सूची में संशोधन तथा नाम निहर्सन आदि की कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जाएगा। दावे तथा आपत्तियाँ दर्ज कराने की अवधि 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 नियत है। इस संबंध में विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। दावे आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को होगा।

जिले में खुलेआम हो रहा अवैध तरीके से मुर्रम का उत्खनन, निकाल ली गई लाखों की मुर्रम ,प्रशासन बेखबर

मंडला यशो:- मंडला जिले में अवैध उत्खनन के मामले सामने आना कोई नई बात नहीं रह गई है आय दिन जिले में अवैध उत्खनन से जुड़े कई मामले सामने आते रहते हैं इसमें मु यतः रेत के अवैध उत्खनन के मामले सामने आते हैं। पर जिले में रेत के अलावा मुर्रम का भी अवैध उत्खनन तेजी से हो रहा है। चाहे वह किसी की प्राइवेट जमीन हो या सरकारी जमीन मंडला जिले में जहाँ माफियाओं को मुर्रम उपलब्ध होती है उस जमीन को वह सरेआम खोद देते हैं , चाहे वह पहाड़ हो या खेत कुछ ही समय में पूरी तरीके से साफ हो जाता है और एन.जी.टी और खनिज अधिनियम धरे की धरे रह जाते है । खनिज विभाग इन सभी मामलों में अजीब चुप्पी साधे रहता है और जाँच का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ते रहता है।

जिले में खनिज जैसे की रेत और मुर्रम का व्यापार नेताओं और नेताओं की चमचों का मु य व्यापार है । नेता नगरी और प्रशासनिक मदद से यह खनिज माफिया लगातार बिना किसी डर के जिले में अवैध उत्खनन करते रहते हैं और प्रशासनिक तंत्र और नियमों की धज्जियां उड़ाते रहते हैं।

जिले में कई स्थानों में मुर्रम का उत्खनन अवैध रूप से हो रहा है इसमें से मु यतः जंतीपुर, मवईजर और खेरी ग्राम पंचायत में मुर्रम निकल जा रही है या निकाल दी गई है। मौके में प्राप्त जानकारी और सबूतों के अनुसार अगर बात ग्राम पंचायत मवईजर की की जाये तो यहां पर हमारे अखबार प्रतिनिधियों द्वारा देखा गया कि यहाँ मुर्रम के कई बड़े टीले हैं जिनको लगातार खोद कर मुर्रम अलग-अलग क्षेत्र से निकली जा रही है और ग्राम पंचायत बड़ी खैरी में भविष्य में निर्मित होने वाले मेडिकल कॉलेज की जमीन के पीछे से बहुत बड़ी मात्रा में मुर्रम निकली गई है और वह स्थान वर्तमान में पूर्णतः तालाब में परिवर्तित हो चुका है और चौकने वाली बात है की खनिज विभाग को इसकी कोई जनकारी नहीं है । जब खनिज विभाग के प्रभारी अधिकारी से इस विषय मे जानकारी दी गई तो उन्होने साफ ङ्क साफ नकारते हुये हमारे प्रतिनिधि को साथ ही मे चल कर मुर्रम पकड़ने की बात कह दी जबकि सारे सबूत उनके सामने थे । खनिज विभाग का इस तरह का रवैया विभाग की लापरवाही का जीता जागता परिचय देता है ।

कले टर ने की डीएमएफ मद के निर्माण कार्यों की समीक्षा

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने डीएमएफ मद से किए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराएं। तकनीकि अमला कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्माण एजेंसी से समन्वय करते हुए कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं।

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान कले टर ने निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज तथा मवई में किए जा रहे कार्य की गति बढ़ाएं। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों में निर्माण अथवा मर मत के प्रस्ताव 15 दिसंबर तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्कूल भवनों के मर मत तथा निर्माण की समीक्षा के दौरान कले टर ने कहा कि विभागीय अमला लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें तथा कार्यों को जल्द पूरा कराएं। कले टर ने पीडब्ल्यूडी, आरईएस, पीआईयू सहित अन्य विभागों के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संतोषजनक प्रगति तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर संबंधितों को नियमानुसार द्वितीय किस्त जारी करने की कार्यवाही करें। बैठक में संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. मोहन यादव जी को मु यमंत्री बनाए जाने पर एमेच्योर कुश्ती संघ के पदाधिकारी,पहलवानों मनाया जश्न

मंडला यशो:- मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष आदरणीय डॉ. मोहन यादव जी को विधायक दल का नेता एवं मध्य प्रदेश के मु यमंत्री बनाए जाने पर जिला एमेच्योर कुश्ती संघ के पदाधिकारी,पहलवानों एवं सेव स्टेडियम रुप ने मनाया जश्न। आतिशबाजी कर जश्न को दुगना किया गया वहीं एक दूसरे को एवं पहलवानों को मुंह मीठा कर बधाइयां प्रदान की गई। कुश्ती जगत की इस उपलब्धि के लिए पहलवानों, खिलाड़ियों एवं पदाधिकारीयो में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है मंडला कुश्ती संघ का डॉ. मोहन यादव जी से वर्ष पुराना नात है। वर्ष 2011 में प्रथम बार डॉ.यादव जी मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के अध्यक्ष मनोनीत किए गए थे तब मण्डला कुश्ती संघ ने डॉ. यादव जी के मानोनयन में समर्थन किया गया था ।

उपार्जन में धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें - डॉ. सिडाना

कले टर ने किया मलारा, इंद्री एवं चिरईडोंगरी केन्द्र का निरीक्षण

मंडला यशो:- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मलारा, इंद्री एवं चिरईडोंगरी रेलवे आदि उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि उपार्जन में धान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। मानक के अनुरूप गुणवत्ता नहीं पाए जाने पर संबंधितों की जि मेदारी निर्धारित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कले टर ने उपार्जित धान की गुणवत्ता देखी तथा नमी मीटर के माध्यम से सत्यापन कराया। कले टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि किसानों को उपार्जन की प्रक्रिया तथा स्लॉट आदि के संबंध में समयपूर्व जानकारी प्रदान करें। धान खरीदते समय तौल का विशेष ध्यान रखें। उपार्जन के साथ ही टैगिंग का कार्य पूर्ण करें। उपार्जित धान खुले में न रखें। उन्होंने धान की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कले टर ने निर्देशित किया कि खरीदी के साथ ही भुगतान के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बारदानों की उपलब्धता पर नजर रखें। उपार्जन के साथ ही परिवहन पर भी फोकस करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कले टर ने खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, एसडीएम नैनपुर जेपी यादव, जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक श्री कोरी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी मनोज पुरवलिया सहित संबंधित उपस्थित रहे।

निःशुल्क मेगा नेत्र शिविर का आयोजन 18 दिस बर से श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ को लेकर नीलू महाराज ने धर्मप्रेमियों से किया संवाद

मंडला यशो:- राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कले टर तथा मु य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन सह मु य अस्पताल अधीक्षक के निर्देशन में जिला चिकित्सालय मण्डला में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को दृष्टि प्रदान करने हेतु 18 से 23 दिस बर 2023 तक एक निःशुल्क मोतियाबिंद एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिले के समस्त विकासखण्डों के मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन विकासखण्डवार किए जायेंगे। जिसमें 18 दिसंबर 2023 को ब हनीबंजर, 18 दिसंबर 2023 को नैनपुर, 19 दिसंबर 2023 को बीजाडांडी एवं निवास, 20 दिसंबर 2023 को नारायणगंज एवं घुघरी, 21 दिसंबर 2023 को बिछिया एवं मवई तथा 22 दिसंबर 2023 को मोहगाँव विकासखण्ड के मरीजों को ए वूलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय मण्डला लाया जाकर भर्ती किया जायेगा एवं भर्ती दिनाँक के दूसरे दिन मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जायेगा। उक्त शिविर के पूर्व जिले के समस्त विकासखण्डों के चयनित ग्रामों में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर मोतियाबिंद मरीजों का चयन किया जा रहा है। उक्त शिविर में जबलपुर संभाग के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण अहरवाल, डॉ. ऊषा दत एवं डॉ. आदित्य साहू नरसिंहपुर द्वारा ऑपरेशन कर लेंस प्रत्यारोपण किए जाएंगे। शिविर में मरीजों के आवास, भोजन एवं दवाईयों की व्यवस्था पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगी। आम जनता से अपील है कि जिन मरीजों को आँखों से धुंधला दिखाई देता हो, आँखों में जाला पड़ गया हो, रात के समय दो चन्द्रमा दिखाई देते हों, ऐसे मरीज अपने निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों अथवा जिला चिकित्सालय मण्डला में जाकर अपनी आँखें की जाँच कराकर अपना रजिस्टेशन अवश्य कराएं एवं शिविर का लाभ प्राप्त करें। मरीज अपने साथ में अपने दैनिक उपयोग की वस्तुएँ अवश्य लावें।

मण्डला यशो:- जिला मु यालय में 17 दिसंबर से 25 दिस बर तक आयोजित श्रीअष्ट महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन किया जाना है। इस आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर चल रही है इस आयोजन में देश और प्रदेश का संत समाज अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। कार्यक्रम की स पूर्ण जानकारी और आमंत्रण देने के लिए नीलू महाराज अपने सहयोगियों के साथ पड़ाव स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचे जहां पर प्रति मंगलवार को होने वाली महाआरती में शामिल हुए और धर्मप्रेमियों से स पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उपस्थितजनों को इस भव्य आयोजन को लेकर आमंत्रित किया। भागवत रसिक कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज ने बताया कि 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे श्रीमत् परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रीत्रिय ब्र हनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य पश्चिम आ नाय द्वारिका पीठाधीश्वर अनंत श्री स पन्न स्वामी सदानंद जी महाराज का आगमन होगा जो मेहर बाबा कुटी कार्यक्रम स्थल आयेंगे जहां पर एक धर्मसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद मंडला के अंजनिया में वरदान आश्रम में रात्रि विश्राम करेंगे। वहीं इस महायज्ञ में अनंत श्री स पन्न श्री जगद्गुरु शंकराचार्य महाभाग स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ज्योतिष बद्रिकाश्रम पीठाधीश्वर का आगमन होने जा रहा है। जिन्होंने यज्ञ में शामिल होने की अनुमति दी है। मण्डला में पहली बार दो-दो शंकराचार्यों का एक साथ आना महज संयोग है। वहीं तीसरे प्रमाणित पीठ पर प्रतिष्ठित शंकराचार्य को लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस यज्ञ में प्रथम उपस्थिति द्वारका पीठाधीश्वर श्रीमद् जगत्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज की होगी। साथ ही ग्वारी घाट जबलपुर वाले स्वामी पगलानंद महाराज, गीताधाम वाले डॉ स्वामी नरसिंह दास महाराज, सनातन धर्म गौसेवा वाले अखिलेश्वरानंद महाराज बरमान घाट वाले स्वामी सीताराम दास महाराज, अमोल खोह वाले भगत गिरि बच्चू बाबा महाराज, अमरकंटक गीता मंदिर वाले नरमदानंद महाराज, जामदार अस्पताल वाले डॉ. जितेन्द्र जामदार सहित लगभग 108 महात्माओं का आगमन होगा। विद्वत विप्र स मेलन गीता जयंती उत्सव में श्लोक पाठन प्रतियोगिता विराट सुहागलों का आयोजन आदि स पन्न होंगे आप सभी तन मन धन से सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनावें। यज्ञ स पन्न कराने हेतु याज्ञिक ब्र हण बनारस वाराणसी से आयेंगे श्रीमद् भागवत का मूल पारायण करने वाले विप्र वृंदावन से आयेंगे।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एन. यू.ए.एस.) अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी बंजर को मिला नेशनल सर्टिफिकेट

जिला प्रशासन के प्रयासों का सफल परिणाम

मंडला यशो:- भारत सरकार के एन.एच.एस.आर.सी. दल द्वारा किए गए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनं. यू.ए.एस.) के फाइनल असेसमेंट के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी बंजर को 84 प्रतिशत के साथ संस्था द्वारा निर्धारित सभी 9 घटकों पर नेशनल सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी बंजर के 09 घटकों का गुणवत्तापूर्ण परीक्षण भारत सरकार के एन.एच.एस.आर.सी. के दो सदस्यीय दल किया गया था जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी बंजर को नेशनल सर्टिफिकेट के लिए योग्य पाया।

स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए कले टर की रही संवेदनशील प्राथमिकता

जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सतत निगरानी किया है। अपने भ्रमण के दौरान भी उनके द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों से भी फीडबैक लिया जाता रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ब हनी बंजर की बेहतर सुविधाओं के लिए कलेकटर डॉ. सलोनी सिडाना के मार्गदर्शन में मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मण्डला डॉ. के.सी. सरोते, ब्लॉक मेडिकल ऑफीसर डॉ. संतोष मरावी, जिला नोडल डॉ. प्रवीण उइके, जिले व संस्था की टीम द्वारा निरन्तर कार्य किया गया। एनं. यू.ए.एस. गाईड लाइन के अनुरूप संस्था को विकसित किया गया जिसमें संस्था के समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा निर्धारित मानकों के परिपालन के लिए अथक प्रयास किया गया।

कले टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

मंडला यशो:- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कले टर ने संबंधित अधिकारियों से वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे, निर्वाचन अधीक्षक अरूण कुशवाहा, लिपिक सीके तिवारी, उमाशंकर मिश्रा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

पवन कुमार को मिला 2 हजार रूपए की सहायता

मंडला यशो:- आज संपन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम मुंगवानी निवासी पवन कुमार साहू ने कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के समक्ष उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। कले टर के निर्देश पर आवेदन पत्र की जांच कर संबंधित को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 2 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस संवेदनशील सहायता के लिए पवन ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बौझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297